# निदेशालय माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून।

संख्या/सेवायें–1/ 29339-42 /2(2)/2015–16 दिनांक 18 जनवरी, 2016

## –विज्ञप्ति–

उत्तराखण्ड शासन माध्यमिक शिक्षा अनुभाग– नवसृजित के शासनादेश संख्या 866/XXIV–नवसृजित/15–29(01)/2015 दिनांक 30 दिसम्बर, 2015 के द्वारा प्रभारी प्रधानाचार्यों के पदों पर व्यवस्था उनकी वरिष्ठताक्रम में विकल्प प्राप्त करने तथा प्रतिकूल प्रविष्टि न होने के प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त काउन्सलिंग के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था की गयी है। राजकीय इण्टर कालेज/राजकीय कन्या इण्टर कालेजों में प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या के रिक्त पदों पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका तथा संबंधित संवर्ग के ऐसे कार्मिक जो एस0सी0ई0आर0टी0 एवं डायट में विभिन्न पदों के प्रति कार्य कर रहे हैं में से काउन्सलिंग के माध्यम से पदस्थापना की जानी है। काउन्सलिंग राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा, देहरादून के सभागार में निम्न तिथियों में उनकी वरिष्ठता क्रमानुसार की जायेगी। काउन्सलिंग के दौरान कार्मिक विद्यालय का चयन करने हेतु विकल्प प्रस्तुत कर सकेंगे। यदि वरिष्ठताक्रम में कोई कार्मिक विकल्प प्रस्तुत नहीं करता है/करती है अथवा काउन्सलिंग में उपस्थित नहीं होते हैं, तो ऐसी स्थिति में कनिष्ठ कार्मिक को अवसर प्रदान किया जायेगा।

कार्मिकों द्वारा काउन्सलिंग में वास्तविक रूप से प्रतिभाग करने पर कार्यस्थल से आने एवं जाने तथा काउन्सलिंग हेतु निर्धारित तिथि पर On duty माना जायेगा। कार्मिक अपने ही संवर्ग में अर्थात महिला/सामान्य संवर्ग के विद्यालयों में पदस्थापना हेतु विकल्प प्रस्तुत कर सकेंगे। दिनांक 31–03–2016 तक सत्रान्त लाभ प्राप्त/पुनर्नियुक्ति पर कार्यरत कार्मिक को काउन्सलिंग में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

वरिष्ठता सूची एवं रिक्ति का विवरण विद्यालयी शिक्षा की विभागीय वेबसाईट schooleducation.uk.gov.in पर उपलब्ध है। निम्नवत् वरिष्ठता सूची में अंकित कार्मिक काउन्सलिंग हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित होंगे।

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक 22–01–2016 | अन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 1250 से 1955 तक | सामान्य संवर्ग |
| दिनांक 23–01–2016 | अनन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 1956 से 2190 तक | सामान्य संवर्ग |
| दिनांक 25–01–2016 | अनन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 2191 से 2247 तक | सामान्य संवर्ग |
| दिनांक 25–01–2016 | अन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 232 से 283 तक एवं अनन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 284 से 329 तक | महिला संवर्ग |

18.1.2016
(आर0के0 कुँवर)
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या/ सेवायें–1/ 29339-42 /2(2)/2015–16 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि – निम्नांकित को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति आप दिनांक 19–01–2016 के अपने दैनिक समाचार पत्र (हिन्दी) के उत्तराखण्ड संस्करण में 90 वर्ग से0मी0 माप डी0ए0वी0पी0 दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से प्रमाणित कराते हुए निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. सम्पादक, हिन्दुस्तान, देहरादून।
3. सम्पादक, अमर उजाला, देहरादून।
4. सम्पादक, दैनिक जागरण, देहरादून।

18.1.2016
(आर0के0 कुँवर)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड

प्रेषक,

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांक/सेवाएँ–1/ 29442-54 /2(2)/2015–16 दिनांक 19 जनवरी, 2016

**विषय :–** **प्रदेश के रा0इ0का0/रा0बा0इ0का0 में प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या के रिक्त पदों पर प्रभारी प्रधानाचार्य की व्यवस्था किए जाने हेतु काउन्सलिंग के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन माध्यमिक शिक्षा अनुभाग– नवसृजित के शासनादेश संख्या 866/XXIV–नवसृजित/15–29(01)/2015 दिनांक 30 दिसम्बर, 2015 के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्यों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिये गये हैं। राजकीय इण्टर कालेज/राजकीय कन्या इण्टर कालेजों में प्रधानाचार्य के रिक्त पदों पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका तथा ऐसे प्रधानाध्यापक जो एस0सी0ई0आर0टी0 एवं डायट में विभिन्न पदों के प्रति कार्य कर रहे हैं, कार्मिकों में से डाउन ग्रेड प्रभारी प्रधानाचार्यों की पदस्थापना की जानी है।

2– प्रधानाध्यापक एवं समकक्ष पदों पर कार्यरत कार्मिकों में से प्रधानाचार्य के पद पर पदस्थापन हेतु संवर्ग में वरिष्ठता के आधार पर विद्यालय का विकल्प चयनित करने हेतु दिनांक 22, 23 एवं 25 जनवरी, 2016 को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा, देहरादून के सभागार में काउन्सलिंग की जायेगी।

3– निम्नवत् वरिष्ठताक्रम में कार्मिक निर्धारित तिथि एवं समय पर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा, देहरादून में उपस्थित होंगे। प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में पदस्थापन हेतु विकल्प का चयन न करने अथवा काउन्सलिंग हेतु उपस्थित न होने पर उनसे कनिष्ठ कार्मिक को अवसर प्रदान किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| **दिनांक 22–01–2016** | **अन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 1250 से 1955 तक** | **सामान्य संवर्ग** |
| **दिनांक 23–01–2016** | **अनन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 1956 से 2190 तक** | **सामान्य संवर्ग** |
| **दिनांक 25–01–2016** | **अनन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 2191 से 2247 तक** | **सामान्य संवर्ग** |
| **दिनांक 25–01–2016** | **अन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 232 से 283 तक एवं अनन्तिम वरिष्ठता सूची क्रमांक 284 से 329 तक** | **महिला संवर्ग** |

उक्तवत् वरिष्ठता सूची एवं प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या के जनपदवार रिक्तियों का विवरण विभागीय वेबसाईट schooleducation.uk.gov.in पर उपलब्ध है। इस सन्दर्भ में अपना लिखित/दूरभाष द्वारा प्रत्यावेदन दिनांक 21 जनवरी, 2016 तक निदेशालय के दूरभाष संख्या

0135–2781440, अपर निदेशक, मुख्यालय मोबाईल नं0– 9412307600 एवं उप निदेशक, निदेशालय के मोबाईल नं0– 9412921984 पर उपलब्ध कराया जा सकता है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी उनके जनपद में कार्यरत प्रधानाध्यापकों को उक्तवत् बिन्दु–3 पर अंकित दिनांक एवं वरिष्ठता के अनुसार संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से काउन्सलिंग हेतु निम्नवत् आमंत्रण पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करवायेंगे तथा उनसे प्रतिकूल प्रविष्टि न होने का प्रमाण पत्र के साथ काउन्सलिंग में प्रतिभाग करने हेतु सूचित करेंगे।

**सेवा में,**

..............................

..............................

निदेशालय के पत्र संख्या .................... के क्रम में आप दिनांक ........... को प्रातः 10 बजे रा0इ0का0 / रा0बा0इ0का0 में प्रभारी प्रधानाचार्य के रूप में पदस्थापन हेतु काउन्सलिंग में उपस्थित होने का कष्ट करें।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**

**प्राप्ति प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका**

मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनांक 21 जनवरी, 2016 तक यह प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेंगे कि उनके द्वारा जनपद में कार्यरत समस्त प्रधानाध्यापकों एवं डायट / एस0सी0ई0आर0टी0 में संवर्गीय कार्मिकों को आमंत्रण पत्र प्राप्त करवा लिया गया है।

भवदीय

(आर0के0 कुँवर)

निदेशक

माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड